प्रधानमंत्री मोर–मकान मोर–आस योजना के आबंटित हितग्राहियो को मकान की चाबी सौंप कर कब्जा प्रदान किया गया

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना है। जिसके अंतर्गत आवासहीन हितग्राहियो को नियमानुसार पक्का आवास प्रदान किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अविनाश मट्रोपोलिस जुनवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर–मकान मोर–आस के तहत आवेदन करने वाले हितग्राहियों की लॉटरी निकाली गई थी। जिसमें चयनित 54 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया जिसमें 15 हितग्राहियों के द्वारा पूर्ण राशि जमा कराकर कब्जा प्रदान किया गया । मकान पूर्ण रूप से बन कर तैयार हो जाने के पश्चात आज 15 हितग्राहियों को मकान का भौतिक अधिपत्य प्रदान किया गया। नियमानुसार 2 विकलांग एवं 1 वरिष्ठ हितग्राही को भूतल का मकान सौंपा गया। वरिष्ठ महिला रूखमणी देवांगन अपना सपनो का मकान क्रं. 1ध4 भूतल में प्रवेश करते हुए कहा कि मेरी वर्षो की इच्छा पुरी हुई। बरसात के मौसम में मुझे परिवार सहित रहने के लिए नीचे का घर मिला, मेरे परिवार को भी छत मिल गया। अब मैं कह सकती हूॅ मेरे धर में रसोई, शौचालय, नहानी खोली एवं रहने का कमरा भी है। मै और मेरे बच्चे बहुत खुश है। मकान मिलते ही हितग्राही अपना सामान लेकर सिफ्ट होने लगे। दिव्यांग धनंजय को भूतल का मकान प्राप्त करते हुए खुसी व्यक्त की मैं नीचे का मकान चाहता था और नीचे का ही मकान मिल गया। उन्होने निगम प्रशासन को धन्यवाद दिया।कार्यवाही के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के सहायक नोडल अधिकारी बी.के.वर्मा, सहायक अभियंता अजय गौर, प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, सूडा से अभियंता उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह उपस्थित रहें।